शहरी विकास विभाग

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार

9वां तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली

विधायक का नाम : श्री कुलदीप कुमार

दिनांक : 30.07.2021

विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या : 81

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

क्र. सं.	प्रश्न	उत्तर
क	एम.सी.डी.के कर्मचारियों का वेतन कब से बकाया है,	**उत्तरी दिल्ली नगर निगमः–** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के षिक्षकों के अलावा सभी कर्मचारियों का जून माह तक का वेतन दिया जा चुका है। **दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः–** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में जून, 2021 तक के वेतन का भुगतान किया जा चुका है, वेतन के भुगतान में कोई विलम्ब नहीं है। **पूर्वी दिल्ली नगर निगमः–** पूर्वी दिल्ली नगर निगम में चतुर्थ कर्मचारियों व स्वास्थ्य विभाग के समस्त वर्गों का मास जून 2021 तक का वेतन वितरित कर दिया है व अन्य श्रेणी ए, बी व सी के कर्मचारियों का मास मई 2021 तक का वेतन वितरित कर दिया गया है।
ख	एमसीडी के रिटार्य कर्मचारियों की पेंशन कब से बकाया है,	**उत्तरी दिल्ली नगर निगमः–** सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मई 2021 तक की पेंषन का भुगतान कर दिया गया है। जून 2021 से पेंषन बकाया है। **दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः–** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में पेंशन का भुगतान माह जून 2021 तक किया जा चुका है। **पूर्वी दिल्ली नगर निगमः–** पूर्वी दिल्ली नगर निगम के पेंशनधारियों का मई 2021 तक का पेंशन वितरित किया जा चुका है।
ग	एमसीडी ने अपने रिटायर हो चुके कितने कर्मचारियों का जीपीएफ का भुगतान नहीं किया है, और	**उत्तरी दिल्ली नगर निगमः–** उत्तरी दिल्ली नगर निगम से सेवा निवृत्त 128 कर्मचारियों के दिनांक 21.05.2021 से 23.07.2021 तक पास किये गये बिलो का भुगतान नही किया गया है। जिसकी कुल राषि बकाया रूपयें 18,26,55,605 / – है। **दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः–** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने अपने रिटायर हो चुके कर्मचारियों के जीपीएफ के बिल, जो 17 जून, 2021 तक पास किए जा चुके हैं उन सबका भुगतान किया जा चुका है। **पूर्वी दिल्ली नगर निगमः–** पूर्वी दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में मार्च 2021 तक प्राप्त डिमांड (जी पी एफ) का भुगतान कर दिया गया है ।
घ	क्या एमसीडी अपने सफाई कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल की सुविधा देती है?	**उत्तरी दिल्ली नगर निगमः–** सफाई कर्मचारियों को कैषलेष सुविधा नही देते। किन्तु सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कैषलेष सुविधा दी जाती है। **दक्षिणी दिल्ली नगर निगमः–** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के लिए रिईम्बर्समेन्ट (अदायगी)की सुविधा उपलब्ध है। सेवानिवृत सफाई कर्मचारियों के लिए पैनल अस्पतालों में कैशलैस मेडिकल एवं नॉन पैनल अस्पतालों में इमरजैंसी होने पर रिईम्बर्समेन्ट (अदायगी) की सुविधा उपलब्ध है। **पूर्वी दिल्ली नगर निगमः–** सभी नियमित पर्यावरण सहायक पेनल में शामिल प्राईवेट लिमिटेड से अपने परिवार के सदस्य के लिए चिकित्सा पूती–पूर्ति के हकदार है । पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अस्पतालों में दिहाड़ी मजदूरों के लिए अलग से आउंटर खोले गये है । सभी नगर पालिका कर्मचारियों के लिए केशलेश चिकित्सा सुधिवा के कार्यान्वयन के लिए एक प्रस्ताव भी सदन द्वारा पारित किया गया है । यह सुविधा तीनों निगमों द्वारा एकीकृत तरीके से लागू की जानी है । हॉलाकि, धन की कमी के कारण योजना को अभी तक उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है ।

Deputy Secretary (Admn.)
Urban Development Deptt.
Govt. of N.C.T. of Delhi
9th Level, Delhi Sectt.
New Delhi-110002